# लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान

(स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) एवं लोहिया स्वच्छता योजना)

बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति, ग्रामीण विकास विभाग

बिहार सरकार



विद्युत भवन-2, प्रथम तल, बेली रोड, पटना-800 021, दूरभाष : +91-612-250 4980, फैक्स : +91-612-250 4960 वेबसाइट : www.lsba.bih.nic.in


पत्रांक : BRLPS-LSBA/ACCTS/53/17/545 दिनांक : 22.12.17

प्रेषक :

राजीव कुमार सिंह, बि. प्र. से.
राज्य समन्वयक,
लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान,
पटना (बिहार)

**सेवा में,**

**सेवा में,**
**सभी उप विकास आयुक्त- सह- उपाध्यक्ष,**
**जिला जल एवं स्वच्छता समिति,**
**लोहिया स्वच्छ बिहार योजना,**
**बिहार ।**

विषय : **स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) एवं लोहिया स्वच्छता योजना के जिला स्तरीय लेखा पदाधिकारियों / लेखा प्रभारियों का उन्मुखीकरण / समीक्षात्मक बैठक के सम्बन्ध में ।**

**महाशय,**

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में सूचित करना है कि चालू वित्तीय वर्ष 2016-17 में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), लोहिया स्वच्छता योजना एवं गंगा कार्य योजना के अंतर्गत जिला / प्रखण्ड स्तर पर किये गए व्यय, इसके लेखांकन एवं वित्तीय प्रतिवेदन समर्पित करने की प्रक्रियाओं पर राज्य स्तर पर **दिनांक 09-01-2018 (मंगलवार) को एक दिवसीय उन्मुखीकरण / समीक्षात्मक बैठक** निर्धारित की गयी है । यह बैठक पटना के गाँधी मैदान स्थित बिस्कोमान भवन के पांचवे तल पर जीविका के राज्य कार्यालय सभागार कक्ष में सुबह 10:30 बजे से होगी जिसमें सभी जिले के जिला ग्रामीण विकास अभिकरणों के लेखा पदाधिकारियों / लेखा प्रभारियों की उपस्थिति अपेक्षित है ।

अतः अनुरोध है कि कृपया अपने जिले के लेखा पदाधिकारियों / लेखा प्रभारियों जो लोहिया स्वच्छ बिहार योजना के लेखा कार्यो के लिए जिम्मेवार हैं को निर्धारित तिथि एवं समय पर इस बैठक में भाग लेने हेतु निर्देशित करने की कृपा करें । सभी प्रतिभागी पत्रांक 484 दिनांक 27-11-2017 के अनुपालन में अपने जिला से सम्बंधित वित्तीय प्रतिवेदन विहित प्रपत्र में अपने साथ लेकर आएंगे ।

कृपया अपने जिले के सम्बंधित लेखा पदाधिकारी / लेखा प्रभारी का नाम एवं उनका मोबाईल संपर्क संख्या भी उपलब्ध करने की कृपा करें ताकि आवश्यकतानुसार उनसे संबाद स्थापित किया जा सके ।

सधन्यवाद ।

विश्वासभाजन
ह०/- 22/12
(राजीव कुमार सिंह)
राज्य समन्वयक,

प्रतिलिपि : सभी जिला **पदाधिकारी -सह - अध्यक्ष, जिला जल एवं स्वच्छता समिति, लोहिया स्वच्छ बिहार योजना, बिहार** को सूचनार्थ प्रेषित

22/12/12
राज्य समन्वयक,